
# भारत में रोज खुल रहे 136 स्टार्टअप

**2025 में रिकॉर्ड बढ़त, कुल संख्या 2.09 लाख पार**

**हर दिन 136 नए उद्यम, फेल्योर रेट सबसे कम**



**नई दिल्ली, 16 जनवरी. भारत में उद्यमिता अब केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि युवाओं की पहली पसंद बनती जा रही है. देश में हर रोज़ औसतन 136 नए स्टार्टअप्स का रजिस्ट्रेशन होना इस बदलते आर्थिक और कारोबारी माहौल की सबसे बड़ी मिसाल है.**

स्टार्टअप डे के अवसर पर सामने आए ताज़ा आंकड़े बताते हैं कि भारत न सिर्फ स्टार्टअप्स की संख्या में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है, बल्कि उनकी स्थिरता और सफलता दर के मामले में भी दुनिया के कई बड़े देशों को पीछे छोड़ रहा है. साल 2025 में ही करीब 50,000 नए स्टार्टअप्स देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम से जुड़े, जिससे कुल पंजीकृत स्टार्टअप्स की संख्या 2.09 लाख तक पहुंच गई.

खास बात यह है कि भारत में स्टार्टअप्स के बंद होने की दर अब सबसे कम मानी जा रही है, जो इस बात का संकेत है कि यहां का इकोसिस्टम पहले से कहीं ज्यादा परिपक्व और मज़बूत हो चुका है. सरकारी नीतियों, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेशकों के बढ़ते भरोसे और युवाओं के नवाचार ने मिलकर भारत को वैश्विक स्टार्टअप हब की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ाया है.

> स्टार्टअप्स की बढ़ती संख्या का सीधा असर रोज़गार सृजन पर भी पड़ा है. लाखों युवाओं को अब परंपरागत नौकरियों के अलावा नए अवसर मिल रहे हैं. टेक्नोलॉजी, फिनटेक, हेल्थटेक, एग्रीटेक और ग्रीन एनर्जी जैसे सेक्टरों में भारतीय स्टार्टअप्स वैश्विक स्तर पर पहचान बना रहे हैं. विशेषज्ञ मानते हैं कि भारत का स्टार्टअप मॉडल अब केवल शहरों तक सीमित नहीं रहा. टियर-2 और टियर-3 शहरों से भी बड़ी संख्या में स्टार्टअप्स उभर रहे हैं, जिससे क्षेत्रीय विकास को भी गति मिल रही है. कुल मिलाकर, रोज़ाना 136 स्टार्टअप्स का खुलना यह साफ संकेत देता है कि भारत आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मज़बूती से आगे बढ़ रहा है .

# आईटी, बैंकिंग शेयरों में उछाल से बढ़त में बंद हुए प्रमुख सूचकांक




**मुंबई, 16 जनवरी. आईटी और बैंकिंग शेयरों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को तेजी देखी गयी जबकि वृदह बाजार में गिरावट का रुख रहा. बीएसई का सेंसेक्स करीब 288 अंक की बढ़त में खुला और पूरे दिन हरे निशान में रहा.**

एक समय यह 752 अंक ऊपर पहुंच गया था. अंत में 187.64 अंक की तेजी के साथ 83,570.35 अंक पर बंद हुआ. अच्छे तिमाही परिणामों के दम पर इंफोसिस का शेयर साढ़े पांच फीसदी और टेक महिंद्रा का पांच फीसदी से ज्यादा चढ़ा जिससे प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद होने में कामयाब रहे. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 28.75 अंक चढ़कर 25,694.35 अंक पर बंद हुआ. मझौली कंपनियों के सूचकांक हरे निशान में और छोटी कंपनियों के लाल निशान में रहे.

निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.54 प्रतिशत चढ़ गया. वहीं, स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.28 प्रतिशत नीचे बंद हुआ. आईटी कंपनियों में जबरदस्त लिवाली से निफ्टी आईटी सूचकांक 3.34 फीसदी ऊपर रहा. बैंकिंग और रियलटी सेक्टरों में भी तेजी रही.



# सोना हुआ सस्ता, चांदी में बनी रही तेजी

**282,720 रुपए प्रति किलो पर पहुंची चांदी**

**129,813 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आया सोना**

**नई दिल्ली, 16 जनवरी. बुलियन बाजार में शुक्रवार को निवेशकों और ग्राहकों के लिए मिला-जुला रुख देखने को मिला. जहां सोने की कीमतों में हल्की गिरावट दर्ज की गई, वहीं चांदी के भाव में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है.**

इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक 16 जनवरी 2026 को सोना सस्ता हुआ है, जबकि चांदी 5 हजार रुपये से ज्यादा महंगी हो गई है. 22 कैरेट यानी 916 शुद्धता वाले सोने का भाव बुधवार शाम के मुकाबले शुक्रवार सुबह 273 घटकर 129,813 रु. प्रति 10 ग्राम पर आ गया. वहीं चांदी (999 शुद्धता) का भाव 277,512 से उछलकर 282,720 प्रति किलो पहुंच गया, जो हालिया दिनों की बड़ी तेजी मानी जा रही है. बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय संकेतों और निवेशकों की मांग में बदलाव के कारण सोने और चांदी की कीमतों में यह अंतर देखने को मिल रहा है. देश के बुलियन बाजार में 16 जनवरी 2026 को सोने और चांदी की कीमतों में अलग-अलग रुख देखने को मिला.

> आइबीजेए के मुताबिक, 24 कैरेट (999 शुद्धता) सोने का भाव बुधवार शाम 1,42,015 प्रति 10 ग्राम था, जो शुक्रवार सुबह घटकर 1,41,717 रह गया. यानी सोना 298 सस्ता हो गया. इसी तरह 23 कैरेट (995) सोना 296 सस्ता होकर 1,41,150 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया. 22 कैरेट (916) सोने का भाव 130,086 से घटकर 129,813 प्रति 10 ग्राम हो गया, यानी इसमें 273 की गिरावट दर्ज की गई. वहीं 18 कैरेट सोना 223 सस्ता होकर रुपए 1,06,288 और 14 कैरेट सोना 175 सस्ता होकर 82,904 प्रति 10 ग्राम पर आ गया. इसके उलट चांदी की कीमतों में जोरदार तेजी देखने को मिली. बुधवार शाम 277,512 प्रति किलो बिक रही चांदी शुक्रवार सुबह 282,720 प्रति किलो पर पहुंच गई. यानी चांदी एक ही दिन में 5,208 महंगी हो गई.

# डाक से ई-निर्यात पर अब मिलेगा ड्यूटी ड्रॉबैक लाभ

**नई दिल्ली, 16 जनवरी. सरकार ने ई-कॉमर्स और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम निर्यातकों को प्रोत्साहन देने के एक महत्वपूर्ण कदम के तहत डिजिटल तरीके से डाक के जरिए किए गए निर्यात पर भी ड्यूटी ड्रॉबैक तथा राज्यों और केंद्रीय करों की वापसी अथवा समन की योजनाओं का लाभ देने का निर्णय लागू कर दिया है.**

ड्यूटी ड्राबैक निर्यात माल तैयार करने में इस्तेमाल होने वाले आयातित कच्चेमाल और सामानों पर लगे आयात शुल्क को समायोजित करने की योजना है. इसी तहत सरकार निर्यात माल को घरेलू शुल्कों, करों तथा उपकरों के बोझ से मुक्त रखने के लिए भी छूट या वापसी की योजनाएं लागू कर रखी हैं.

राज्य स्तरीय शुल्क और करों को वापस करने की निर्यातित उत्पादों पर शुल्कों और करों की छूट योजना और केंद्रीय तथा राज्य स्तरीय शुल्कों और लेबी को वापस करने की राज्य और केंद्रीय करों और लेवी पर छूट की योजना योजना का लाभ अब ई-कॉमर्स के तरीके से डाक के जरिये भेजे जाने वाले माल पर मिलेगा.



इन योजनाओं को अप्रत्यक्ष कर एजेंसी - केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के माध्यम से लागू किया जाता है.

वित्त मंत्रालय की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह ऐतिहासिक कदम डाक चैनल का उपयोग करने वाले निर्यातकों को समान अवसर प्रदान करने तथा इलेक्ट्रानिक बाजार माध्यम से विदेश में सामान बेचने के अवसरों के विस्तार के लिए एक अनुकूल और समावेशी पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने के उद्देश्य से उठाया गया है.

# पतंजलि में स्मार्ट हेल्थ तकनीकों पर मंथन

## अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में एआई, डिजिटल हेल्थ पर जोर

**हरिद्वार, 16 जनवरी** . पतंजलि विश्वविद्यालय और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के तत्वावधान में, अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के सहयोग से, अमेरिका की शैक्षणिक शाखा ग्लोबल नॉलेज फाउंडेशन , निदेशक, भारतीय मानक ब्यूरो , देहरादून और यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड ईस्टर्न शोर के बिजनेस, मैनेजमेंट और अकाउंटिंग विभाग की संयुक्त पहल में 'स्वास्थ्य सेवा और प्रबंधन में स्मार्ट तकनीकों के एकीकरण' पर त्रिदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी 15-17 जनवरी को पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन एवं विश्वविद्यालय के सहयोग से सभागार में आयोजित की गई. संगोष्ठी का आयोजन स्मार्ट तकनीकों के एकीकरण के माध्यम से प्रौद्योगिकी-प्रेरित, दीर्घकालिक स्वास्थ्य प्रबंधन को बढ़ावा देने और वैश्विक स्तर पर जन-स्वास्थ्य सुधार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया. पूज्य बालकृष्ण जी ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न देकर किया. शुभारंभ दीप प्रज्वलन, धन्वंतरि वंदना और श्री चंद्रमोहन व उनकी टीम के समूहगान से हुआ. कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन कुलपति प्रो. मयंक कुमार अग्रवाल ने दिया, तत्पश्चात आचार्य श्री एवं अतिथियों ने सार पुस्तक का लोकार्पण किया. अपने प्रेरक संबोधन में डॉ. देव शर्मा ने कबीर के दोहे के माध्यम से सेवा और लोककल्याण पर जोर दिया, डिजिटल स्वास्थ्य प्रबंधन, साइबर सुरक्षा और एआई-सहायित स्मार्ट प्रणालियों के माध्यम से सुरक्षित, प्रभावी और उन्नत चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता रेखांकित की.



> कार्यक्रम में आईआईटी मंडी के निदेशक प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा ने कहा कि आधुनिक एआई जीवन के हर पहलू को प्रभावित करता है, पर नैतिकता आवश्यक है. उन्होंने सिंक्रोना सिटी, नवाचार, स्टार्टअप्स और पतंजलि द्वारा भारतीय ज्ञान और सनातन मूल्यों के संरक्षण पर भी बल दिया. अपने प्रेरक संबोधन में पूज्य आचार्य बालकृष्णजी ने कहा कि 'सहस्त्र चंद्र दर्शन' भारतीय सनातन परंपरा में दीर्घायु, स्वस्थ और ज्ञानपूर्ण जीवन के उत्सव का प्रतीक है, जिसका सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व अत्यंत गहरा है.

# खुदरा और संस्थागत निवेशकों के लिए मौका

**जयपुर, 16 जनवरी.** लॉजिस्टिक्स सेक्टर की प्रमुख कंपनी शैडोफैक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड अपना प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) मंगलवार से निवेशकों के लिए खोलने जा रही है. करीब 1,907 करोड़ रुपये के इस इश्यू को लेकर बाजार में खासा उत्साह देखा जा रहा है, खासतौर पर ऐसे समय में जब ई-कॉमर्स और लॉजिस्टिक्स सेवाओं की मांग लगातार बढ़ रही है. कंपनी ने अपने आईपीओ के लिए 118 रुपये से 124 रुपये प्रति इक्विटी शेयर का प्राइस बैंड तय किया है. एंकर निवेशकों के लिए बोली सोमवार को खुलेगी, जबकि आम निवेशक 20 जनवरी से 22 जनवरी तक इस इश्यू में आवेदन कर सकेंगे.

# एयर इंडिया-सिंगापुर एयरलाइंस के बीच सहयोग गहराया


**नई दिल्ली, 16 जनवरी. टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने सिंगापुर एयरलाइंस के साथ वाणिज्यिक सहयोग बढ़ाने के लिए शुक्रवार को एक फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर किये. इस फ्रेमवर्क समझौते में सहयोग बढ़ाने संबंधी मोटी-मोटी बातें तय की गयी हैं तथा अंतिम समझौता बाद में किया जायेगा.**

सिंगापुर एयरलाइंस की एयर इंडिया में 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी है. एयर इंडिया ने एक विज्ञप्ति में बताया कि यह समझौता दोनों एयरलाइंस के लिए निर्णायक संयुक्त व्यावसायिक समझौतों के माध्यम से लंबे समय से चली आ रही साझेदारी को और गहरा करने का मार्ग प्रशस्त करेगा. एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन और सिंगापुर एयरलाइंस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोह चून फोंग ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किये. नियामक मंजूरियों और अंतिम समझौते पर हस्ताक्षर के बाद दोनों एयरलाइंस का फोकस उत्पाद और सेवा पेशकशों का विस्तार पर होगा ताकि यात्रियों को निर्बाध संपर्क और अधिक विकल्प उपलब्ध हो सकें. ग्राहक दोनों एयरलाइंस की उड़ानों में एक ही एकीकृत यात्रा के अंतर्गत बुकिंग करा सकेंगे.

# अमेरिका से व्यापार समझौते पर बातचीत जारी

**सहमति की ओर बढ़ते कदम: राजेश अग्रवाल**

**समयसीमा तय करना अभी जल्दबाजी होगी**



**नई दिल्ली, 16 जनवरी.** भारत और अमेरिका के बीच बहुप्रतीक्षित द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर बातचीत जारी है, लेकिन इसके समय और तारीख को लेकर अभी कोई निश्चित अनुमान लगाना संभव नहीं है. यह बात वाणिज्य उद्योग मंत्रालय में वाणिज्य विभाग के सचिव राजेश अग्रवाल ने कही. उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक दोनों पक्षों के बीच सभी मुद्दों पर पूरी तरह सहमति नहीं बन जाती, तब तक समझौते को लेकर किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं होगा. अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर लगाए गए ऊंचे शुल्क के बावजूद भारत के निर्यात में लगातार वृद्धि होना सरकार के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है. दिसंबर 2025 के निर्यात-आयात आंकड़े पेश करते हुए वाणिज्य सचिव ने कहा कि भारत उन क्षेत्रों पर ज्यादा ध्यान दे रहा है, जहां शुल्क अपेक्षाकृत कम हैं या जहां भारतीय उद्योग की पकड़ मजबूत है. सरकार की रणनीति न केवल अमेरिका जैसे बड़े बाजारों में अपनी मौजूदगी बनाए रखने की है, बल्कि नए बाजारों में निर्यात के अवसर भी तलाशने की है. वाणिज्य उद्योग मंत्रालय में वाणिज्य विभाग के सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि दोनों देश बातचीत में सक्रिय रूप से शामिल हैं और उच्च स्तर पर भी संवाद हो रहा है. उन्होंने बताया कि हाल ही में वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि के बीच वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक हुई थी. इसके अलावा दोनों देशों के अधिकारियों की टीमें भी लंबित मुद्दों पर वर्चुअल माध्यम से लगातार चर्चा कर रही हैं. हालांकि, जब समझौते के करीब पहुंचने को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि जब तक सभी पहलुओं पर सहमति नहीं बन जाती, तब तक 'करीब' जैसे शब्दों का इस्तेमाल करना उचित नहीं होगा.

# सीएसएल ने निर्माण के बाद हेंज जहाज जर्मनी की कंपनी को सौंपा

**कोच्चि, 16 जनवरी. कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड ने जर्मनी को बहुउद्देशीय जहाज एमएस हेंज सौंप दिया. नीदरलैंड के गरूट शिप डिजाइन द्वारा डिजाइन किए गए एचएस इकोफ्रेटर श्रेणी के इस जहाज का निर्माण कोचीन शिपयार्ड में किया गया.**

शिपयार्ड ने निर्माण के बाद इस जहाज को जर्मनी स्थित कंपनी एचएस शिफहार्ट्स यूजी एंड कंपनी केजी को सौंप दिया है. यह जहाज 7,000 टन तक का भार ढोने में सक्षम है, जो इसे भारी कार्गो सहित विविध प्रकार के माल ढोने में सक्षम बनाता है.

इस जहाज की विशेषता इसका झुका हुआ अग्रभाग है,जो इसे बेहतर गति प्रदान करता है तथा अधिक ईंधन दक्ष बनाता है. एमएस हेंज की डिलीवरी अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक जहाज निर्माण क्षेत्र में सीएसएल के बढ़ते महत्व को दर्शाता है और यह वैश्विक ग्राहकों के लिए तकनीकी रूप से उन्नत वाणिज्यिक जहाजों के निर्माण में इसकी विस्तार क्षमताओं को दर्शाता है.

डिलीवरी और स्वीकृति प्रोटोकॉल पर सीएसएल के निदेशक (संचालन) डॉ. एस. हरिकृष्णन और एचएस शिफहार्ट्स यूजी के निदेशक हेंज जोसेफ शेपपर्स के बीच एक वर्चुअल समारोह के माध्यम से हस्ताक्षर किए गए. इस दौरान दोनों उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे.


**IndusInd Bank**

इंडसइंड बैंक लि., एफएफआर डिपार्टमेंट, 11वीं मंजिल, टॉवर 1, वन वर्ल्ड सेन्टर, 841, सेनापती बापट मार्ग, इल्फिंस्टोन रोड़, मुम्बई - 400013

परिशिष्ट- IV-A [नियम 8 (6) का प्रावधान देखें]

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस**

अचल संपत्ति की बिक्री के लिए नीलामी बिक्री नोटिस वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ पठित सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधानो के तहत

एतदद्वारा आमतौर पर जनसाधारण तथा विशेष रुप से ऋणीयों(ओं) तथा जमानतदार (ओं) को सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो कि सुरक्षित लेनदार, के पास गिरवी रखी गई है / चार्ज की गई है, जिसका **भौतिक कब्जा** इंडसइंड बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया है, जिसे दिनांक **30 जनवरी 2026** को "जैसा है जहॉं है" "जैसा है वैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर इंडसइंड बैंक लिमिटेड की बकाया राशि **रु.54,01,748.96 (रुपये चौवन लाख एक हज़ार सात सौ अड़तालीस एवं छियानवे पैसे) 31 दिसंबर 2025** तक की वसूली के लिए बेचा जाएगा, जो कि **सफदर हुसैन कनवासवाला जमानतदार / बंधककर्ता, श्री ऐजाज हुसैन कनवासवाला, श्री मंसूर अली कनवासवाला, हबीब हुसैन कनवासवाला और बुरहानुद्दीन कनवासवाला** से सुरक्षित लेनदार को बकाया है।

आरक्षित मूल्य एवं बयाना राशि नीचे उल्लिखित है। संपत्ति का निरीक्षण **22 जनवरी 2026,** को निम्न उल्लेखित विवरण के अनुसार उपलब्ध होगा।

**अचल संपत्ति का विवरण**

| क्रं. | सुरक्षित अस्ति का विवरण | ज्ञात भार | आरक्षित मूल्य / ईएमडी | निरिक्षण की तिथी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सर्वे नंबर 126/3/6 पैकी पर परिवर्तित भूमि, रकबा 0.047 हेक्टेयर, ग्राम- लसूड़िया मोरी तहसील व जिला इंदौर (म.प्र.) एवं उस पर वर्तमान एवं भावी भविष्य निर्माण | NIL | Rs.111.00 लाख / Rs.11.1 लाख | 22-01-2026 (दोप. 12:00 बजे से दोप. 01:00 बजे तक) |

बिक्री की विस्तृत शर्तो व नियमों के लिए कृपया सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट अर्थात www.indusind.com या सेवा प्रदाता की वेबसाइट अर्थात www.bankeauctions.com पर दिए गए लिंक का संदर्भ लें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया प्राधिकृत अधिकारी सुश्री अत्रेयी दास से मो.नं. 9601621197/ atreyi.das@indusind.com या बैंक अधिकारी श्री कमल मिश्रा से मो.नं. 09819820760/ mishra.kamal@indusind.com पर संपर्क करें।

दिनांक : 17-01-2026
स्थान : मुम्बई

प्राधिकृत अधिकारी, इंडसइंड बैंक लिमिटेड



**कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर**
**(जनकार्य विभाग)**

ई-मेल: jankarya.vibhag2023@gmail.com, फोन : 7440440233

**निविदा विज्ञप्ति क्र.:** 106/सिविल/ 25-26/ग्रुप नं-01 से ग्रुप नं-09 तक

**निविदा आमंत्रण**

**दिनांक:** 13.01.2026

केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से (MPUADD Road & Bridge SOR/NON SOR, DATE 08-11-2025 पर आधारित) ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | टेंडर क्र. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय करने एवं खोलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_475531_1 | झोन क्र. 01 वार्ड क्र. 16 में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 हेतु आवश्यक सिविल संधारण कार्य करना। | 90 दिवस ₹8,97,328/- | ₹2,000/- ₹9,000/- | 28-01-2026 6.00 PM 30-01-2026 |
| 02 | 2026_UAD_475533_1 | झोन क्र. 03 वार्ड क्र. 57 में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर आवश्यकतानुसार रिपेयर/ संधारण सिविल एवं सौंदर्यीकरण का कार्य करना। | 90 दिवस ₹9,91,742/- | ₹2,000/- ₹10,000/- | 28-01-2026 6.00 PM 30-01-2026 |
| 03 | 2026_UAD_475534_1 | झोन क्र. 03 वार्ड क्र. 58 में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर आवश्यकतानुसार रिपेयर/ संधारण सिविल एवं सौंदर्यीकरण का कार्य करना। | 90 दिवस ₹9,94,047/- | ₹2,000/- ₹10,000/- | 28-01-2026 6.00 PM 30-01-2026 |
| 04 | 2026_UAD_475535_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 एवं 7 स्टार सर्वे के अन्तर्गत झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 48 में सिटी प्रोफाईल अनुसार विभिन्न रेसीडेंशियल एवं मिक्स एरिया में आवश्यक सिविल कार्य करना। | 90 दिवस ₹9,78,982/- | ₹2,000/- ₹10,000/- | 28-01-2026 6.00 PM 30-01-2026 |
| 05 | 2026_UAD_475536_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अन्तर्गत झोन क्र. 17 वार्ड क्र. 21 में कॉलोनियों में आवश्यक सिविल संधारण कार्य एवं रंगाई पुताई का कार्य करना। | 90 दिवस ₹9,84,608/- | ₹2,000/- ₹9,900/- | 28-01-2026 6.00 PM 30-01-2026 |
| 06 | 2026_UAD_475538_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को दृष्टिगत रखते हुए झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 76 में रेसिडेंशियल, कमर्शियल, मिक्स एरिया एवं अन्य स्थानों पर गाईड लाईन अनुसार आवश्यक सिविल कार्य करना। | 90 दिवस ₹9,74,970/- | ₹2,000/- ₹9,800/- | 28-01-2026 6.00 PM 30-01-2026 |
| 07 | 2026_UAD_475539_1 | झोन क्र. 05 वार्ड क्र. 23 के अन्तर्गत अर्जुन सिंह गौहर नगर में सामुदायिक शौचालय के पास रिक्त भूमि पर नवीन आंगनवाड़ी का निर्माण करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 90 दिवस ₹9,74,760/- | ₹2,000/- ₹9,500/- | 28-01-2026 6.00 PM 30-01-2026 |
| 08 | 2026_UAD_475540_1 | झोन क्र. 05 वार्ड क्र. 23 के अन्तर्गत लाल गली कबड्डी के पाले के पास रिक्त भूमि पर नवीन आंगनवाड़ी का निर्माण करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 90 दिवस ₹9,48,469/- | ₹2,000/- ₹9,500/- | 28-01-2026 6.00 PM 30-01-2026 |
| 09 | 2026_UAD_475541_1 | झोन क्र. 05 वार्ड क्र. 23 के अन्तर्गत कोली मोहल्ला में सामुदायिक शौचालय के पास नवीन आंगनवाड़ी का निर्माण करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 90 दिवस ₹9,47,458/- | ₹2,000/- ₹9,500/- | 28-01-2026 6.00 PM 30-01-2026 |

**नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।**

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

कार्यपालन यंत्री
(जनकार्य विभाग)
नगर पालिक निगम, इन्दौर



**कार्यालय नगर पालिक निगम, खण्डवा**

पता- आजाद भवन टाउन हॉल खंडवा. 450001 दूरभाष- 07332223523 ईमेल commkhanndwa@mpurban.gov.in

क्रमांकःक्र/रा.बा./ 989/2026 — खण्डवा दिनांक 13/01/2026

**द्वितीय ई-निविदा विज्ञप्ति**

निगम स्वामित्व की नीचे वर्णित संपत्तियों को मध्यप्रदेश अचल अंतरण नियम 2016 संशोधन 2021 -2023 के प्रपत्र के अंतर्गत 30 वर्ष की लीज पर उच्चतम प्रीमियत राशि एवं निर्धारित मासिक किराये के आधार पर दिये जाने हेतु अधिकतम समय की प्रस्थापना (निविदा ऑफर) ऑनलाइन टेडर कम ऑक्शन पद्धति से आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा वेबसाईट www.mptendors.gov.in पर देखी जा सकती है।

**संपत्ति वितरण**

राजमाता सिधिया शॉपिंग काम्पलेक्स भूतल की छत किराये पर दिये जाने हेतु

| क्र. | ई-निविदा क्रमांक | भवन | अनारक्षण | भवन का क्षेत्रफल | आरक्षित (आफसेट) मूल्य | प्रतिभूति राशि (अमानत राशि) | ईटेण्डर प्रपत्र राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_475475_1 | राजमाता सिधिया शॉपिंग कॉम्पलेक्स भूतल की छत को आवंटन हेतु | अनारक्षित | 506.31 वर्ग मीटर | 1,75,00,000/- | 4.35,500/- | 5.000/- |

निविदा ऑनलाईंन क्रय तथा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27/01/2026 - (शाम 05.30 बजे तक)
निविदा खोलने की दिनाक 29/01/2026 - (प्रातः 10:30 बजे)

1 विस्तृत शर्ते जिसमे अनुबंध की व्यापक शर्ते भी शामिल है, का अवलोकन कार्यालयीन समय मे नगर पालिक निगम की राजस्व शाखा में किया जा सकता है।
2 न्यूनतम आरक्षित मूल्य से कम राशि की निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त निविदा ऑफर स्वीकृति / अस्वीकृति का अधिकार आयुक्त न.पा.नि. खण्डवा के पास सुरक्षित रहेगा।
3 निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन www.mptendors.gov.in पर ही प्रदर्शित किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

उपायुक्त (राजस्व)
नगर पालिक निगम खण्डवा



**केनरा बैंक Canara Bank**
भारत सरकार का उपक्रम — A Government of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

प्रधान कार्यालय : 112, जे.सी. रोड़, बैंगलूर - 562002
क्षेत्रीय कार्यालय: ओमेगा टॉवर, तीसरी मंजिल, 32 मैकेनिक नगर, भमोरी, इंदौर फोन: 70499 19126

**कब्जा सूचना (अचल संपत्ति हेतु)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने **केनरा बैंक, नंदा नगर शाखा, इंदौर** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुननिर्माण तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन **अधिनियम** 2002 की धारा के अंतर्गत, सिक्युरिटी इन्ट्रेस्ट (एनफोर्समेंट) **अधिनियम 2002 का अधिनियम संख्यांक 54** के साथ पठित, **सेक्शन 13 (12) नियम 3** के अंतर्गत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए अधोलिखित खाते के सामने दर्शाई गई तारीख को नोटिस जारी कर ऋणियों को नोटिस की तारीख / नोटिस प्राप्ति को तारीख से **60 दिन** के अंदर उक्त खाते के सामने दर्शाई गई राशि अदा करने के लिए कहा था। ऋणी उक्त राशि चुकाने में असफल रहा है अत: ऋणियों तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट के सेक्शन **13 (4)** उक्त एक्ट के साथ पठित उक्त रूल्स के नियम **9** के द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए अधोलिखित संपत्ति का कब्जा उक्त खाते के सामने दर्शाई गई तारीख को ले लिया है। एतद् द्वारा ऋणियों को विशेष एवं जनसाधारण को सामान्य रूप से सचेत किया जाता है कि उक्त संपत्ति विषयक कोई संव्यवहार न करें ऐसा कोई भी संव्यवहार वसूल की जाने वाली उल्लेखित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चो हेतु **केनरा बैंक, नंदा नगर शाखा, इंदौर** के प्रभार के अधीन रहेगा।

| क्रं. | शाखा का नाम एवं मोबाईल नं. | ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | बंधक संपत्ति का विवरण | मांग नोटिस की बकाया राशि (₹) | मांग नोटिस की दिनांक / कब्जा लेने/चस्पा करने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नंदा नगर शाखा, इन्दौर 9425000374 | मेसर्स यश इंटरप्राईजेस, प्रोप्रायटर श्री कैलाश शर्मा एवं , श्री कैलाश शर्मा (ऋणी) एवं श्री प्रदीप कुमावत पिता राजमलजी कुमावत (जमानतदार) | सर्वे नं 422, 423/1, 424/1 पैकी प्लाट नं. ए-9-ए, अभिनंदन नगर कॉलोनी, सुखलिया, इन्दौर (म.प्र.) 452002, **क्षेत्रफल:** 1100 वर्गफीट, **सीमाएं: उत्तर:** प्लाट नं. ए-8, **दक्षिण:** सड़क, **पूर्व:** प्लाट नं. ए-9, **पश्चिम:** सड़क | 24,59,259.08 + दिनांक 28.10.2025 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | 03.11.2025 / 12.01.2026 |

स्थान : इन्दौर, दिनांक : 17.01.2026 — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक